Anant Gyan 23-12-2025

# 10वीं और 12वीं कक्षा के व्यावसायिक विषयों के स्टूडेंट्स का प्रायोगिक मूल्यांकन फरवरी में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि मार्च 2025-26 की वार्षिक परीक्षा के अंतर्गत 10वीं और 12वीं कक्षा के नियमित विद्यार्थियों के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन फरवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों का समयबद्ध और पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि समर क्लोजिंग स्कूलों में यह प्रायोगिक मूल्यांकन 2 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होगा, जबकि विंटर क्लोजिंग स्कूलों के लिए यह प्रक्रिया 12 फरवरी से 28 फरवरी तक पूरी की जाएगी। बोर्ड ने राज्य परियोजना निदेशक शिमला, सेक्टर स्किल काउंसिल्स और सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं मुख्याध्यापकों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन के तीन माह के पाठ्यक्रम के तहत प्रायोगिक मूल्यांकन भी इसी अवधि में आयोजित किया जा सकता है।

Amar Ujala 23-12-2025

# व्यावसायिक विषय की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 2 से 28 फरवरी तक

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की व्यावसायिक शिक्षा की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 2 से 28 फरवरी तक होंगी। शीतकालीन स्कूलों में परीक्षाएं 12 से 28, जबकि ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में 2 से 28 फरवरी तक होंगी।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च 2025-26 की वार्षिक परीक्षा के तहत 10वीं और 12वीं कक्षा के नियमित विद्यार्थियों के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन फरवरी में किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों का समयबद्ध एवं पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करना है। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक शिमला, सेक्टर स्किल काउंसिल्स तथा सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं मुख्याध्यापकों को प्रबंध करने के निर्देश दे दिए हैं।

बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन के लिए संचालित तीन माह के पाठ्यक्रम के लिए प्रायोगिक मूल्यांकन भी इसी अवधि में हो सकता है। ऐसे विद्यार्थियों का मूल्यांकन रिकॉर्ड नियमित विद्यार्थियों से अलग रखा जाएगा। बोर्ड ने अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों से निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। ब्यूरो

Divya Himachal 23-12-2025

# दसवीं-12वीं के वोकेशनल विषयों के प्रैक्टिकल दो फरवरी से

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र मार्च 2025-26 के लिए कक्षा दसवीं और 12वीं के नियमित छात्रों की व्यावसायिक विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं फरवरी, 2026 में आयोजित की जाएंगी। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने सूचित किया है कि समर क्लोजिंग स्कूलों के लिए ये परीक्षाएं दो फरवरी से 28 फरवरी, 2026 तक चलेंगी, जबकि विंटर क्लोजिंग स्कूलों के लिए इनका आयोजन 12 फरवरी से 28 फरवरी के बीच किया जाएगा। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक (एसपीडी) शिमला, सेक्टर स्किल काउंसिल और संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, तीन महीने के कोर्स के तहत आने वाले आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन (ओओएससी) की प्रायोगिक परीक्षाएं भी इसी समयावधि में आयोजित होंगी, परंतु उनका मूल्यांकन रिकॉर्ड नियमित छात्रों से अलग रखा जाएगा।